JALAUN POLICE

**दिनांक- 16.12.2025**

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ निर्देशन में थानों द्वारा बरामद अवैध मादक पदार्थों के डिस्पोजल/निस्तारण कराये जाने हेतु चलाये जा रहे "आपरेशन क्लीन" अभियान के क्रम में जनपद जालौन पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में नशीले पदार्थों (अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड रुपये) के विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी ।**

अवगत कराना है कि जनपद के थानों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोगों में बरामद माल के विनष्टीकरण की कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी गण को निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम में "अभियान ऑपरेशन क्लीन" के तहत जनवरी 2025 से अब तक एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियोगों के करीब 1,000 किलोग्राम गांजा, 230 ग्राम स्मैक व 21 ग्राम नशीला पाउडर इत्यादि (अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड रुपये) को इन्सुलेटर भट्टी में समस्त माल को नष्ट कराकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी है । माल निस्तारण हेतु कई प्रकरण प्रक्रियाशील भी हैं । समस्त प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी को अधिक से अधिक माल निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है ।